फटाफट न्यूज

# मेसी का 300वां गोल, बार्सिलोना की जीत

**मैड्रिड ||** स्टार फुटबॉलर लियोन मेसी के बार्सिलोना के लिए किए 300वें गोल से स्पेनिश लीग में टॉप पर चल रहे क्लब ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ग्रानाडा को 2-1 से शिकस्त दी। ओडियोन इघालो ने 26वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। लेकिन दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेसी ने गोल कर बार्सिलोना को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किए लेकिन मेसी ने 73वें मिनट में फ्री किक पर शानदार गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। बार्सिलोना 65 पॉइंट्स लेकर टॉप पर बना हुआ है और एटलेटिको मैड्रिड पर 15 पॉइंट्स की बढ़त बनाए है।

## आनंद को मिली जॉइंट लीड

**बाडेन-बाडेन ||** वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने ग्रेंके चेस क्लासिक टूर्नामेंट के 10वें राउंड में जर्मनी के डेनियल फ्रीडमैन को हराकर जॉइंट लीड हासिल की। इस टॉप भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से 5.5 पॉइंट्स हो गए हैं। इंग्लैंड के माइकल एडम्स ने टॉप पर चल रहे फैबियानो कारूआना को हरा दिया। इससे कारूआना और आंनद संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए। अब टूर्नामेंट में सिर्फ एक बाजी बाकी है। एडम्स और जर्मनी के जॉर्ज मेयर 4.5 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

## दिल्ली ने जीता लुई फिलिप कप

**ग्रेटर नोएडा ||** शमीम खान और राशिद खान ने अंतिम नौ होल में अच्छा खेल दिखाया, जिससे सिल्वरग्लेड्स दिल्ली ने संडे को डीएलएफ गुड़गांव को 3-0 से हराकर लुई फिलिप कप गोल्फ टूर्नामेंट जीता। शनिवार को जब बारिश के कारण फाइनल मुकाबला रोकना पड़ा, उस समय तक डीएलएफ गुड़गांव मजबूत स्थिति में था, लेकिन संडे को दिल्ली की टीम ने पूरी बाजी पलट कर रख दी। गत चैंपियन नवरत्न अहमदाबाद ने जेपी ग्रींस ग्रेटर नोएडा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस एक करोड़ 20 लाख रुपये इनामी राशि के प्रो सिटी टूर्नामेंट में देश की नौ टीमों ने भाग लिया।

## अरविंद और नीलम बने चैंपियन

**नई दिल्ली ||** उत्तर प्रदेश के अरविंद कुमार यादव और महाराष्ट्र की नीलम मारुति कदम ने संडे को मवाना शुगर्स इंडियन ओपन मैराथन का क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। सुबह काफी सर्दी होने के बावजूद 12500 से अधिक एथलीट ने हिस्सा लिया। अरविंद और नीलम को मैराथन कैटिगरी में खिताब जीतने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये मिले। पिछले साल के उपविजेता अरविंद ने दो घंटे 21 मिनट और 44 सेकंड के समय के साथ खिताब जीता। महिला कैटिगरी में नीलम ने तीन घंटे एक मिनट और दो सेकेंड का समय लिया।

## कमल और मंदीप ने जीती मैराथन

**जम्मू ||** सर्विसेज के कमल सिंह ने संडे को चौथी जम्मू मैराथन में मेन्स कैटिगरी में, जबकि मंदीप कौर ने विवादों से भरी विमिन कैटिगरी की रेस में टॉप स्थान हासिल किया। पुरुषों में दूसरा स्थान राम राज और तीसरा स्थान रियाज अहमद ने हासिल किया। महिलाओं में जसप्रीत कौर दूसरे और नाजिश फातिमा तीसरे स्थान पर रहीं। हालांकि महिला वर्ग की रेस थोड़ी विवादास्पद रही, क्योंकि अंजलि चौधरी ने कहा कि सबसे पहले फिनिश लाइन उन्होंने पार की है और उन्हें पहला स्थान मिलना चाहिए। लेकिन